# उ0 प्र0 बी0 एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सत्र 2026-28)
## U.P. B.Ed. Joint Entrance Examination (Session 2026-28)

आयोजक:
BUNDELKHAND UNIVERSITY, JHANSI
बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध, सहयुक्त तथा घटक महाविद्यालयों में
शैक्षणिक सत्र 2026–28 में प्रवेश हेतु निर्देशिका

# अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षिक अर्हता | 2 |
| 2 | महत्वपूर्ण तिथियाँ | 3 |
| 3 | महत्वपूर्ण निर्देश | 4-5 |
| 4 | ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया | 6-8 |
| 5 | ऑनलाइन आवेदन सम्बन्धी सामान्य निर्देश | 9-12 |
| 6 | आरक्षण | 13-14 |
| 7 | प्रवेश–पत्र सम्बन्धी निर्देश | 15 |
| 8 | प्रवेश परीक्षा का प्रारूप | 16 |
| 9 | परिशिष्ट–1 भारांकों से सम्बन्धित प्राविधान | 17-18 |
| 10 | परिशिष्ट–2 संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026–28 से सम्बन्धित विश्वविद्यालय | 19 |
| 11 | परिशिष्ट–3 प्रवेश परीक्षा केन्द्र हेतु शहर का विकल्प | 20 |
| 12 | सम्पर्क सूत्र | 21 |
| 13 | प्रमाण–पत्रों के प्रारूप | 22-31 |

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध, सहयुक्त तथा घटक महाविद्यालयों में
शैक्षणिक सत्र 2026–28 में प्रवेश हेतु निर्देशिका

# शैक्षिक अर्हता

**बी0एड0 (द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा–2026 में सम्मिलित होने हेतु अर्हता निम्नवत् है–**

1. विज्ञान/समाजिक–विज्ञान/मानविकी वर्ग' में सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग हेतु न्यूनतम 50% (पचास प्रतिशत) अंकों के साथ विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय की स्नातक उपाधि अथवा स्नातकोत्तर उपाधि। बी0ई0 एवं बी0टेक0 (अभियांत्रिकी) में गणित एवं विज्ञान में विशेषज्ञता वाले छात्रों के लिए न्यूनतम 55% (पचपन प्रतिशत) अंको के साथ अथवा उपरोक्त के समतुल्य कोई अन्य अर्हता वाले अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह हैं।
2. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय की स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि उत्तीर्ण अथवा गणित एवं विज्ञान में विशेषज्ञता के साथ बी0ई0 एवं बी0टेक0 में स्नातक उपाधि अथवा उपरोक्त के समतुल्य कोई अन्य अर्हता वाले अभ्यार्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह हैं।
3. दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों को न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता में स्नातक स्तर पर 05% (पांच प्रतिशत) की छूट दी जायेगी।
4. सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी या उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों में शिक्षा शास्त्री (बी0एड0) में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों हेतु शैक्षिक अर्हता का विवरण निम्नवत् है–

   न्यूनतम 50% (पचास प्रतिशत) अंकों सहित सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय की त्रिवर्षीय शास्त्री परीक्षा, या द्विवर्षीय शास्त्री परीक्षा सत्र–1990 तक या विधि द्वारा स्थापित किसी अन्य विश्वविद्यालय की शास्त्री अथवा त्रिवर्षीय स्नातक परीक्षा तीनों वर्षो में संस्कृत सहित अथवा द्विवर्षीय शास्त्री या संस्कृत वैकल्पिक विषय सहित द्विवर्षीय स्नातक परीक्षा सत्र–1985 तक। तीनों वर्षो में संस्कृत से अभिप्राय संस्कृत को मुख्य/कोर विषय के रूप में अध्ययन किया गया हो।

   **महत्वपूर्ण नोटः–**

   1. ऐसे अभ्यर्थी जो वर्ष 2026 में अर्हता परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं, वे भी इस प्रवेश परीक्षा में आवेदन करने हेतु अर्ह होंगे। ऐसे अभ्यर्थियों को काउन्सिलिंग प्रक्रिया के पूर्व न्यनतम अर्हता धारित करना अनिवार्य होगा।

उ0 प्र0 बी0 एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सत्र 2026-28)
U.P. B.Ed. Joint Entrance Examination (Session 2026-28)
आयोजक:
BUNDELKHAND UNIVERSITY, JHANSI
बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध, सहयुक्त तथा घटक महाविद्यालयों में
शैक्षणिक सत्र 2026–28 में प्रवेश हेतु निर्देशिका

# महत्वपूर्ण तिथियाँ

**बी0एड0 (द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा–2026 से सम्बन्धित महत्पवपूर्ण तिथियां**

| क्र.सं. | विवरण | तिथि | दिन |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन की तिथि | 01.02.2026 | रविवार |
| 2 | ऑन–लाइन आवेदन पत्र की प्रारम्भ तिथि | 10.02.2026 | मंगलवार |
| 3 | बिना विलम्ब शुल्क के ऑन–लाइन आवेदन की तिथि | 05.03.2026 | गुरुवार |
| 4 | विलम्ब शुल्क सहित आवेदन पत्र की अन्तिम तिथि | 10.03.2026 | मंगलवार |
| 5 | प्रवेश–पत्र डाउनलोड किये जाने की तिथि | 20.04.2026 | सोमवार |
| 6 | प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि | 26.04.2026 | रविवार |
| 7 | प्रवेश परीक्षा परिणाम की संभावित तिथि | 25.05.2026 | सोमवार |

**नोटः** किसी विशेष परिस्थिति में बी0एड0 (द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा–2026 से सम्बन्धित तिथियों में परिवर्तन का अधिकार आयोजक–बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी के पास होगा। यदि बी0एड0 (द्विवर्षीय) प्रवेश परीक्षा–2026 से सम्बन्धित कोई तिथि परिवर्तित होती है तो इसकी सूचना बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी।

**आवेदन शुल्क (Application Fee)** **शुल्क (रूपये में)**

**(दिनांक 10.02.2026 से 05.03.2026 तक)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | उत्तर प्रदेश के सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए | 1650/– |
| 2 | उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए | 850/– |
| 3 | अन्य राज्यों के समस्त वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए | 1650/– |

**विलम्ब शुल्क के साथ आवेदन शुल्क (Application Fee with late fee)** **शुल्क (रूपये में)**

**(दिनांक 06.03.2026 से 10.03.2026 तक)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | उत्तर प्रदेश के सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए | 2000/– |
| 2 | उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए | 1000/– |
| 3 | अन्य राज्यों के समस्त वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए | 2000/– |

उ0 प्र0 बी0 एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सत्र 2026-28)
U.P. B.Ed. Joint Entrance Examination (Session 2026-28)
आयोजक:
BUNDELKHAND UNIVERSITY, JHANSI
बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध, सहयुक्त तथा घटक महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026–28 में प्रवेश हेतु निर्देशिका

# महत्वपूर्ण निर्देश

1. प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के पूर्व अर्हता सम्बन्धी निर्देशों को अवश्य पढ़ लें जो वेबसाइट https://www.bujhansi.ac.in पर उपलब्ध है।
2. आवेदक की अर्हता अथवा भारांकों में किसी भी त्रुटि के लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा तथा इस सम्बन्ध में किसी तरह के वाद की स्थिति मान्य नहीं होगी।
3. कृपया नोट कर लें कि ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिन्ट आउट की **मूल प्रति** अथवा **छायाप्रति** को बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी अथवा कहीं भी भेजने की आवश्यकता नहीं है। ऑनलाइन आवेदन के प्रिन्ट आउट की मूलप्रति/छायाप्रति एवं उसकी पंजीकरण संख्या भविष्य में संदर्भ हेतु अपने पास सुरक्षित रखें।
4. प्रत्येक ऑनलाइन आवेदन पत्र पर कम्प्यूटर जनित 15 (पन्द्रह) अंकों की एक संख्या अंकित है जो कि पंजीकरण संख्या है, जिसे बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2026 हेतु भविष्य में किये जाने वाले पत्राचार के लिए सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा।
5. आनलाइन आवेदन पत्र मे अभ्यर्थी द्वारा की गई कुछ प्रविष्टियों में यदि कोई त्रुटि द्रष्टिगोचर होती है ऐसी स्तिथि में हुई त्रुटियों के सुधार हेतु अभ्यर्थी को अवसर दिया जाएगा, अभ्यर्थी आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि के बाद 5 दिनों तक प्रविष्टियों में हुई त्रुटियों में सुधार कर सकेगा।
6. प्रविष्टियाँ जिनमें त्रुटि संशोधन किया जा सकता है : विषय वर्ग, लिंग, भारांक, भाषा, अभ्यर्थी फोटोग्राफ, अभ्यर्थी हस्ताक्षर तथा परीक्षा केन्द्र।
7. e-mail ID : अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे अपनी **व्यक्तिगत ई–मेल आई0डी0** ही ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंकित करें, जिसे वे स्वयं प्रयोग में ला रहे हैं, क्योंकि भविष्य में बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी द्वारा अभ्यर्थियों को कोई भी सूचना आवश्यकता पड़ने पर इसी ई–मेल आई0डी0 पर प्रेषित की जायेगी।
8. मोबाईल नम्बर : अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे अपना वही मोबाईल नम्बर ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंकित करें, जिसे वे स्वयं प्रयोग में ला रहे हैं, क्योंकि भविष्य में, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी द्वारा आवश्यकता पड़ने पर अभ्यर्थियों को कोई भी सूचना उसी मोबाईल नम्बर पर प्रेषित की जायेगी।

9. अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे अपने पासवर्ड/OTP को दुरूपयोग से बचाने हेतु गोपनीय रखें व किसी से भी साझा न करें। यदि उनके पासवर्ड/OTP का कोई भी दुरूपयोग होता है तो इस हेतु बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी उत्तरदायी नहीं होगा।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध, सहयुक्त तथा घटक महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026–28 में प्रवेश हेतु निर्देशिका

# ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया

**ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया निम्नवत् तीन चरणों में सम्पन्न होगी –**

**प्रथम चरण** – ऑनलाइन पंजीकरण करना।

**द्वितीय चरण** – आवेदन पत्र को पूर्ण करना।

**तृतीय चरण** –पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से प्रवेश–परीक्षा शुल्क भुगतान करना एवं आवेदन पत्र का प्रिन्ट आउट प्राप्त करना।

कृपया नोट करे लें कि ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिन्टआउट की मूलप्रति/छायाप्रति को बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी अथवा कहीं भी भेजने की आवश्यकता नहीं है। ऑनलाइन आवेदन–पत्र के प्रिन्टआउट की मूलप्रति/छायाप्रति एवं उसकी पंजीकरण संख्या भविष्य में संदर्भ हेतु अपने पास सुरक्षित रखें।

अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे उत्तर प्रदेश संयुक्त बी0एड0 (द्विवर्षीय) प्रवेश परीक्षा–2026 (सत्र–2026–28) के ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के पूर्व वेबसाईट https://www.bujhansi.ac.in पर उपलब्ध निर्देशों को पढ़कर प्रवेश–परीक्षा हेतु अपनी अर्हता के सम्बन्ध में सतुंष्ट हो लें।

**प्रथम चरण– पंजीकरण**

1. ऑनलाइन पंजीकरण हेतु आवेदक बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी की वेबसाईट https://www.bujhansi.ac.in पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक करें।
2. ऑनलाइन पंजीकरण आवेदन की प्रविष्टियों को भरें। जहाँ–जहाँ (*) चिन्ह लगा है उन प्रविष्टियों कों अनिवार्य रूप से भरना है।
3. समस्त प्रविष्टियों को पूर्ण करने के पश्चात अभ्यर्थी कृपया सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा भरी गयी समस्त प्रविष्टियाँ पूर्ण रूपेण त्रुटि रहित हैं तदुपरान्त ही सबमिट (Submit) पर क्लिक करें।
4. अभ्यर्थी के पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर एक ओ0टी0पी0 (OTP) भेजा जायेगा, जिसे निर्धारित स्थान पर भरना होगा, जो अभ्यर्थी के पंजीकरण की प्रक्रिया को पूर्ण करेगा।
5. सफलतापूर्वक पंजीकरण होने के साथ ही अभ्यर्थी को कम्प्यूटर जनित 15 (पन्द्रह अंकों) की पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड पंजीकृत मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 पर प्राप्त होगी।

इस पंजीकृत संख्या एवं पासवर्ड को सावधानीपूर्वक भविष्य के संदर्भ हेतु लिख कर रख लें एवं इस पृष्ठ का प्रिन्टआउट लेकर अपने पास सुरक्षित रखें, क्योंकि इसी पंजीकरण संख्या के आधार पर ही आगे की प्रक्रिया सम्पादित होगी।

**नोट–** प्रवेश हेतु केवल पंजीकरण करने मात्र से अभ्यर्थी का बी0एड0 प्रवेश–परीक्षा 2026–28 हेतु आवेदन पूर्ण नहीं होता है। यह केवल सफलतापूर्वक पंजीकरण का प्रतीक है। पंजीकरण के उपरान्त अभ्यर्थी को निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त आवेदन को पूर्ण करना है। आवेदन हेतु निर्धारित शुल्क जमा न होने की स्थिति में आवेदन अपूर्ण मानते हुए अस्वीकार कर दिया जाएगा।

**द्वितीय चरण– आवेदन पत्र को पूर्ण करना**

1. पंजीकरण करने के पश्चात आगे की प्रक्रिया के लिये "**Click here to Edit Application**" लिंक पर क्लिक करें। आवेदन पत्र पूरित करने के लिए अभ्यर्थी को पंजीकरण संख्या, पासवर्ड एवं जन्मतिथि भरना होगा।
2. स्क्रीन पर माँगी गई सूचनाओं को दिये आवेदन सम्बन्धी सामान्य निर्देशों के आधार पर भरने के बाद सबमिट (Submit) पर क्लिक करें।
3. ऑनलाइन आवेदन पत्र में अभ्यर्थी द्वारा की गयी कुछ प्रविष्टियों में यदि उसे कोई त्रुटि दृष्टिगोचर होती है तो ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि के पश्चात आयोजक विश्वविद्यालय द्वारा घोषित तिथियों पर त्रुटियों का संशोधन कर सकेगा। अभ्यर्थी पुनः संशोधित आवेदन पत्र के प्रिन्टआउट एवं उसकी पंजीकरण संख्या भविष्य के संदर्भ हेतु अपने पास सुरक्षित रखें।
4. प्रविष्टियाँ जिनमें त्रुटि संशोधन किया जा सकता है : विषय, वर्ग, लिंग, भारांक, अभ्यर्थी फोटोग्राफ, अभ्यर्थी हस्ताक्षर तथा परीक्षा केन्द्र।

**तृतीय चरण– शुल्क भुगतान करना एवं आवेदन पत्र का प्रिन्टआउट प्राप्त करना**

1. सम्बन्धित वेबसाइट पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से प्रवेश परीक्षा शुल्क का ऑनलाइन भुगतान (Internet Banking/Debit Card/Credit Card) द्वारा करें।
2. ऑनलाइन माध्यम से भुगतान करने पर बैंक द्वारा जारी Transaction ID को अपने पास सावधानीपूर्वक लिख कर सुरक्षित कर लें।
3. उत्तर प्रदेश के सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा शुल्क

1650/–(रूपये एक हजार छः सौ पचास मात्र) एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए रू0 850 /–(रूपये आठ सौ पचास मात्र) देय होगा। अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा शुल्क रू0 1650/–(रूपये एक हजार छः सौ पचास मात्र) देय होगा।

4. यदि किसी अभ्यर्थी ने ऑनलाइन पंजीकरण करा लिया है, किन्तु बिना विलम्ब शुल्क के साथ आवेदन करने की निर्धारित तिथि तक आवेदन–पत्र पूर्ण नहीं किया है, तो अभ्यर्थी विलम्ब शुल्क सहित, आवेदन की अन्तिम तिथि तक आवेदन–पत्र पूर्ण कर सकता है।
5. निर्धारित अन्तिम तिथि के पश्चात् आवेदन करने वाले सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन पूरित करने की अभ्यर्थियों को विलम्ब परीक्षा शुल्क रुपये 2000/– तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए विलम्ब परीक्षा शुल्क रुपये 1000/– देय होगा। अन्य राज्यों के समस्त अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा शुल्क रुपये 2000/– देय होगा। विलम्ब शुल्क सहित आवेदन की अंतिम तिथि आयोजक विश्वविद्यालय द्वारा बेबसाईट पर प्रदशित की गयी है।
6. निर्धारित अन्तिम तिथि के पश्चात कोई आवेदन–पत्र स्वीकार्य नहीं होगा।

   यदि किसी अभ्यर्थी के खाते से प्रवेश परीक्षा शुल्क की धनराशि कट जाती है किन्तु लेन–देन असफल होता है तो इस दशा में भुगतान की वापसी, बैंक स्तर से, भुगतान के मिलान (Payment-Reconciliation) के 24 घण्टे के पश्चात संभव हो सकेगी। परामर्श दिया जाता है कि अभ्यर्थी के खाते से प्रवेश परीक्षा शुल्क भुगतान असफल होने की दशा में, भुगतान का अगला प्रयास 24 घण्टे के पश्चात ही करें।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध, सहयुक्त तथा घटक महाविद्यालयों में
शैक्षणिक सत्र 2026–28 में प्रवेश हेतु निर्देशिका

# ऑनलाइन आवेदन सम्बन्धी सामान्य निर्देश

## (General Instructions for Online Application)

01- **अभ्यर्थी का नाम (Name of Candidate)**

हाईस्कूल अथवा उसके समकक्ष प्रमाण–पत्र के अनुसार अपना पूरा नाम भरें। नाम के साथ श्री/श्रीमती/कुमारी/सुश्री आदि सम्बोधन सूचक शब्द नहीं भरें।

02- **पिता का नाम (Father's Name)**

जिस प्रकार कमांक 1 में अभ्यर्थी का नाम भरा गया है, उन्हीं निर्देशों का अनुपालन करते हुए पिता का नाम भरा जाए। पिता के नाम के साथ श्री/श्रीमान/डा0 आदि सम्बोधन सूचक शब्द नहीं भरें।

03- **माता का नाम (Mother's Name)**

जिस प्रकार कमांक 1 में अभ्यर्थी का नाम भरा गया है, उन्हीं निर्देशों का अनुपालन करते हुए माता का नाम भरा जाए। माता के नाम के साथ श्रीमती/सुश्री/डा0 आदि सम्बोधन सूचक शब्द नहीं भरें।

04- **जन्म–तिथि (Date of Birth)**

हाईस्कूल अथवा उसके समकक्ष प्रमाण–पत्र के अनुसार भरें। जन्मतिथि DD/MM/YYYY के प्रारूप में होगा।

05- **ई–मेल आई0डी0 (e-mail ID)**

अभ्यर्थी अपनी व्यक्तिगत ई–मेल आई0डी0 ऑनलाइन आवेदन–पत्र में अंकित करें, जिसे वे स्वयं प्रयोग में ला रहे हैं, क्योंकि भविष्य में, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी द्वारा अभ्यर्थियों को कोई भी सूचना आवश्यकता पड़ने पर इसी ई–मेंल आई0डी0 पर प्रेषित की जायेगी।

06- **मोबाइल नम्बर (Mobile Number)**

अभ्यर्थी अपना 10 अंकों का मोबाइल नम्बर भरें।

अभ्यर्थी अपना वही मोबाइल नम्बर ऑनलाइन आवेदन–पत्र में अंकित करें, जिसे वे स्वयं प्रयोग में ला रहे हैं, क्योंकि भविष्य में, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी द्वारा अभ्यर्थियों को

कोई भी सूचना आवश्यकता पड़ने पर इसी मोबाइल नम्बर पर प्रेषित की जायेगी।

07- **लिंग (Gender)**

पुरूष अभ्यर्थी, पुरूष **(Male)** के सम्मुख क्लिक करें तथा महिला अभ्यर्थी, महिला **(Female)** के सम्मुख क्लिक करें। अन्य अभ्यर्थी **(Transgender)** पर क्लिक करें।

08- **राष्ट्रीयता (Nationality)**

अभ्यर्थी अपनी राष्ट्रीयता यथा स्थान भरें।

09. **उत्तर प्रदेश का मूल निवासी (Domicile of Uttar Pradesh)**

यदि अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश का मूल निवासी है तो हाँ **(Yes)** का चयन करें अन्यथा नहीं **(No)** का चयन करें। यदि अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश का मूल निवासी है परन्तु उसने शैक्षिक योग्यता (हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट/स्नातक) उत्तर प्रदेश राज्य के बाहर से प्राप्त की है तो अभ्यर्थी को निर्देश–पुस्तिका में दिए गये प्रारूप–8 के अनुसार ऑनलाइन प्रमाण–पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा। जिन अभ्यर्थियों ने (हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक) उत्तर प्रदेश के किसी भी महाविद्यालय/विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण किया है, ऐसे अभ्यर्थी अपनी हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक की अंकतालिका या प्रमाण–पत्र अपलोड करें।

10. **श्रेणी (Category)**

सामान्य/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ अुनसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी (UR/OBC/SC/ST/EWS) के अभ्यर्थी (यदि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी प्रमाण–पत्र के निर्धारित प्रारूप में प्रमाण–पत्र धारित करता है) तो अपने वर्ग के सम्मुख क्लिक करें। अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के अभ्यर्थियों का जाति–प्रमाण पत्र 01 अप्रैल, 2023 या उसके बाद का होना चाहिए। पिछड़ा वर्ग (OBC) के अभ्यर्थियों को 01 जुलाई, 2025 या उसके बाद का आय प्रमाण–पत्र भी अपलोड करना होगा। उत्तर प्रदेश राज्य के बाहर के अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी के अभ्यर्थी सम्बन्धित वर्ग पर क्लिक न करें बल्कि सामान्य के सम्मुख क्लिक करें। **अर्थात् अन्य राज्यों के आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी इस परीक्षा हेतु सामान्य श्रेणी के माने जायेंगे।**

11. **दिव्यांग(Differently Abled) /दृष्टिबाधित(Blind)**

यदि अभ्यर्थी दृष्टिबाधित श्रेणी में आता है और इस श्रेणी का लाभ लेना चाहता है तो हाँ

(Yes) के सम्मुख क्लिक करें। अभ्यर्थी के पास मुख्य चिकित्साधिकारी अथवा उसके द्वारा गठित सक्षम बोर्ड द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र निर्धारित प्रारूप में मूल रूप में होना आवश्यक है। सम्बन्धित प्रमाण–पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।

12. **वैवाहिक स्थिति (Marital Status)**

अभ्यर्थी अपनी वैवाहिक स्थिति के लिए विवाहित/अविवाहित/विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा (Married/Unmarried/Widow/Separated/Divorced) का चयन करें।

13. **पत्र व्यवहार का पूरा पता (Complete Postal Address)**

पत्र व्यवहार के पते में अभ्यर्थी अपना नाम एवं डाक का सम्पूर्ण पता भरें।

14. **पिन कोड (Pin Code)**

अभ्यर्थी अपने पत्र व्यवहार में दिए गये पते से सम्बन्धित पिनकोड नम्बर को भरें।

15. **फोटो पहचान (Photo Indentity Card)**

अभ्यर्थी अपना वैध पहचान पत्र का विवरण भरें एवं पहचान पत्र अपलोड करें।

16. **फोटो व अभ्यर्थी के हस्ताक्षर (Photograph & Signature of the Candidate)**

ऑनलाइन आवेदन–पत्र पर निर्धारित स्थान पर अपना नवीनतम रंगीन अभिमुख (Front Face), दोनों तर्जनी (Both Index Fingers) तथा हस्ताक्षर (35mm X 45mm) आकार में एवं अन्य सम्बन्धित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य है। फोटोग्राफ, दोनों तर्जनी (Both Index Fingers) तथा हस्ताक्षर की अधिकतम 50KB की jpg format में कम्प्यूटर फाईल होगी। फोटो, हस्ताक्षर व अंगुलियों के निशान स्पष्ट होना चाहिए। अस्पष्ट तथा गहरे रंग के चश्मे के साथ खींची गयी फोटो स्वीकार नहीं होगी तथा इस दशा में आवेदन–पत्र निरस्त हो सकता है।
यदि किसी अभ्यर्थी की तर्जनी नहीं है तो ऐसे अभ्यर्थी उक्त हाथ की किसी अन्य ऊंगली अथवा अंगूठे का उपयोग करें

17. **हाईस्कूल परीक्षा विवरण (Details of High School)**

अभ्यर्थी अपने हाईस्कूल के पूर्णांक एवं प्राप्तांक को यथास्थान भरें। इसे भरते समय ही प्राप्तांक प्रतिशत स्वतः दिखायी देने लगेगा।

18. **इन्टरमीडिएट परीक्षा विवरण (Details of Intermediate)**

अभ्यर्थी अपने इण्टरमीडिएट के पूर्णांक एवं प्राप्तांक को यथास्थान भरें। इसे भरते समय ही प्राप्तांक प्रतिशत स्वतः दिखायी देने लगेगा।

19. **स्नातक परीक्षा विवरण (Details of Graduation)**

अभ्यर्थी अपनी स्नातक उपाधि के पूर्णांक एवं प्राप्तांक अथवा CGPA को यथास्थान भरें। इसे भरते समय ही प्राप्तांक प्रतिशत स्वतः दिखायी देने लगेगा।